नशा मुक्ति अभियान शपथ ग्रहण कार्यक्रम

दिनांक 12 अगस्त 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत समस्त संकाय में शपथ ग्रहण नशा मुक्ति जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत प्राथना सभा में विश्वविद्यालय के नशा मुक्ति नोडल अधिकारी, श्री दिलीप कुमार मिश्रा ने सभी उपस्थित लोगों को स्वयं को नशा नहीं करने एवं समाज को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएँगे क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए।

इसलिए आइए हम सब मिलकर अपने जिले गोरखपुर उत्तरप्रदेश को नशामुक्त कराने का दृढ निश्चय करें। मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि अपने देश को नशामुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर सम्भव प्रयास करूँगा। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में श्री वशिष्ठ नारायण सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, गोरखपुर उपस्थित रहे उन्होंने कहा युवा ही देश का भविष्य हैं, इसलिए इन्हें नशे से दूर रहना चाहिए और आगे आकर अपने समाज को नशा मुक्त बनाना चाहिए आजकल नशा समाज के उत्थान में एक अवरोध की तरह कार्य कर रहा है हम सभी को एक जुट होकर इससे मुक्ति पाना होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक अधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे सम्बद्ध स्वस्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता सुनील कुमार सिंह, आयुर्वेद कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नवीन के. फार्मास्युटिकल साइंसेज संकाय के प्राचार्य डॉ.शशिकांत सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, सभी संकाय के शिक्षक, विधार्थी उपस्थित रहे और समाज में इस अभियान को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

नशा मुक्त भारत अभियान
स्वतंत्रता दिवस 2024
प्रसंग: 'विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र'

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

MAHAYOGI GORAKHNATH UNIVERSITY GORAKHPUR
Faculty of Allied Health Sciences
Student Induction Programme
Ministry of Social Justice and Empowerment
Government of India
NASHA MUKT BHARAT ABHIYAAN
Independence Day 2024
Theme: 'Viksit Bharat ka Mantra, Bharat ho Nashe se Swatantra'
Programme Name: Oath Ceremony
Date: 12 August, 2024